गोरखपुर से प्रकाशित

Title Code: UPBIL05289

# स्वदेशी इनक्रेडिबल

द्विभाषी (साप्ताहिक)

वर्ष–1 अंक–12 | गोरखपुर, रविवार 10 सितम्बर 2023 | पृष्ठ–8 | मूल्य–2 रूपया

## सुप्रीम कोर्ट ने देश का नाम बदलने वाली याचिकाओं पर विचार से कर दिया था इनकार

नयी दिल्ली (एजेन्सी)। भारत के संविधान के पहले अनुच्छेद के पहले खंड में कहा गया है, इंडिया, जो कि भारत है, राज्यों का एक संघ होगा। ऐसी अटकलें लगाई जा रही है कि प्रध ाान मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार 18–22 सितंबर को होने वाले संसद के विशेष सत्र के दौरान संविधान में संशोधन करने या भारत को देश का आधिकारिक नाम बनाने के लिए एक प्रस्ताव लाने पर विचार कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा जी20 विश्व नेताओं को एक आधिकारिक भोज के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद अटकलें शुरू हो गई, जिसमें उन्हें प्रेसीडेंट ऑफ इंडिया के बजाय प्रेसीडेंट ऑफ भारत के रूप में संबोधित किया। 2015 में, महाराष्ट्र स्थित एक सामाजिक कार्यकर्ता द्वारा सुप्रीम कोर्ट के समक्ष सभी आधिकारिक और अनौपचारिक उद्देश्यों के लिए भारत नाम का उपयोग करने के लिए केंद्र सरकार को निर्देश देने की मांग वाली एक याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ता ने कहा था कि संविधान सभा की बहस के दौरान हमारे देश के लिए भारत, हिंदुस्तान, हिंद, भारतभूमि, भारतवर्ष आदि जैसे महत्वपूर्ण नाम सुझाए गए थे, क्योंकि इंडिया शब्द ब्रिटिश शासन के दौरान लिया गया था। भारत के तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) एच.एल. दत्तू और न्यायमूर्ति अरुण मिश्रा (अब सेवानिवृत्त) की पीठ ने मामले की जांच करने का फैसला किया और केंद्र और राज्यों से जवाब मांगा। संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत दायर याचिका में यह भी मांग की गई कि गैर–सरकारी संगठनों और निगमों को भी सभी आधि ाकारिक और अनौपचारिक उद्देश्यों के लिए भारत का उपयोग करने का निर्देश दिया जाना चाहिए।.जवाब में, केंद्रीय गृह मंत्रालय ने याचिका का विरोध करते हुए कहा कि भारत के संविधान के अनुच्छेद 1 में किसी भी बदलाव पर विचार करने के लिए परिस्थितियों में कोई बदलाव नहीं हुआ है और बताया कि संविधान के प्रारूपण के दौरान संविधान सभा ने अनुच्छेद में खंडों को सर्वसम्मति से अपनाने से पहले इस मुद्दे पर व्यापक विचार–विमर्श किया था। मार्च 2016 में तत्कालीन सीजेआई टी.एस. ठाकुर की अध्यक्षता वाली पीठ ने ने यह टिप्पणी करते हुए याचिका को खारिज कर दिया कि सुप्रीम कोर्ट को किसी नागरिक के लिए यह आदेश देने या निर्णय लेने का कोई काम नहीं है कि उसे अपने देश को क्या कहना चाहिए।यदि आप इस देश को 'भारत' कहना चाहते हैं, तो आगे बढ़ें और इसे भारत कहें। यदि कोई इस देश को इंडिया कहना चाहता है, तो उसे इंडिया कहने दें। हम हस्तक्षेप नहीं करेंगे।



इसमें न्यायमूर्ति यू.यू.ललित भी शामिल थे। ललित ने कहा था कि प्रत्येक भारतीय को अपने देश को भारत या इंडिया कहने के बीच चयन करने का अधिकार है। शीर्ष अदालत ने मार्च 2016 में पारित अपने आदेश में कहा, हम भारत के संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत अपनी शक्ति के प्रयोग में हस्तक्षेप के लिए उपयुक्त मामला नहीं मानते हैं।

तदनुसार रिट याचिका खारिज की जाती है।इससे पहले नवंबर 2014 में, सुप्रीम कोर्ट ने उसी याचिकाकर्ता द्वारा दायर याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया था और उसे इंडिया को भारत से बदलने के लिए अपने प्रतिनिधित्व के साथ पहले केंद्र से संपर्क करने के लिए कहा था, साथ ही उसे अपना प्रतिनिधित्व करने पर फिर से अदालत का दरवाजा खटखटाने की स्वतंत्रता दी थी। त्कालीन केंद्रीय कानून मंत्री डी.वी. सदानंद गौड़ा ने अगस्त 2015 में लोकसभा में एक लिखित उत्तर में कहा,उनके द्वारा प्रधान मंत्री कार्यालय को भेजा गया प्रतिनिधित्व फरवरी 2015 में खारिज कर दिया गया था। उक्त प्रतिनिधित्व की सरकार द्वारा जांच की गई थी और अनुरोध को स्वीकार नहीं किया गया था। यह मुद्दा 2020 में फिर से गरमा गया, जब नमः नाम के एक दिल्ली निवासी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया और दावा किया कि इंडिया नाम औपनिवेशिक हैंगओवर का संकेत है और देश की सांस्कृतिक विरासत को प्रामाणिक रूप से प्रतिबिंबित नहीं करता है। याचिका में 15 नवंबर, 1948 की संविधान सभा की बहस का हवाला दिया गया था, जहां एम. अनंतशयनम अयंगर और सेठ गोविंद दास ने संविध ाान के अनुच्छेद 1 के मसौदे पर बहस करते हुए इंडिया के बजाय भारत, भारत वर्ष, हिंदुस्तान नामों को अपनाने की वकालत की थी। याचिका में कहा गया कि अब समय आ गया है।

## भ्रष्टाचार मामलाः गिरफ्तारी के 24 घंटे बाद चंद्रबाबू नायडू की कोर्ट में पेशी, सीआईडी ने 10 घंटे की पूछताछ

अमरावती (एजेन्सी)। तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के अध्यक्ष एन चंद्रबाबू नायडू को भ्रष्टाचार के कथित मामले में गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद रविवार सुबह यहां भ्रष्टाचार निरोध



ाक ब्यूरो (सीआईडी) की एक अदालत के समक्ष पेश किया गया। सुप्रीम कोर्ट के वकील सिद्धार्थ लूथरा और वकीलों का एक दल आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री नायडू का प्रतिनिधित्व कर रहा है। तेदेपा के वरिष्ठ नेता और पार्टी कार्यकर्त्ता अदालत परिसर में एकत्र हुए। नायडू को शनिवार देर रात 3 बजकर 40 मिनट पर चिकित्सकीय जांच के लिए विजयवाड़ा के सरकारी जनरल अस्पताल ले जाया गया था। इससे पहले, उनसे यहां कुंचनपल्ली स्थित ब्व के विशेष जांच दल (एसआईटी) कार्यालय में लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की गई। अस्पताल में करीब 50 मिनट तक हुई चिकित्सकीय जांच के बाद नायडू को वापस एसआईटी कार्यालय ले जाया गया था, जबकि ऐसी संभावना थी कि उन्हें सीधे स्थानीय अदालत में पेश किया जाएगा। तेदेपा प्रवक्ता पट्टाभि राम कोमारेड्डी ने बताया कि पार्टी प्रमुख के बेटे नारा लोकेश, उनकी पत्नी नारा भुवनेश्वरी और अन्य लोग एसीबी अदालत में इंतजार कर रहे थे। कोमारेड्डी ने कहा, ''हमने सोचा था कि उन्हें (नायडू को) अदालत ले जाया जाएगा, लेकिन वे उन्हें वापस एसआईटी कार्यालय ले गए। लोकेश और भुवनेश्वरी अदालत में इंतजार कर रहे थे, लेकिन अचानक काफिला एसआईटी कार्यालय की तरफ मुड़ गया। अपराध जांच विभाग (सीआईडी) के दल ने आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री को शनिवार सुबह करीब 6 बजे नंदयाल शहर के ज्ञानपुरम स्थित आर के फंक्शन हॉल के बाहर से गिरफ्तार किया था। नायडू को उस समय गिरफ्तार किया गया था, जब वह सभी सुविधाओं से लैस अपनी बस में सो रहे थे। आंध्र प्रदेश पुलिस ने कथित कौशल विकास निगम घोटाले में नायडू को शनिवार को 'मुख्य षड्यंत्रकारी' बताया था। ऐसा आरोप है कि इस कथित घोटाले से राज्य सरकार को 300 करोड़ रुपए का नुकसान हुआ।

## जी20: पीएम मोदी ने की जी20 के समापन की घोषणा, सदस्यों को दिया बड़ा संदेश

अमरावती(एजेन्सी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को यहां संपन्न हुए जी20 शिखर सम्मेलन में लिए



गए फैसलों पर हुई प्रगति की समीक्षा के वास्ते नवंबर के अंत में एक वर्चुअल सत्र के आयोजन का प्रस्ताव दिया। यहां दो दिवसीय जी20 शिखर सम्मेलन के अंतिम सत्र में अपने समापन भाषण में मोदी ने कहा कि भारत की जी20 की अध्यक्षता आधिकारिक रूप से 30 नवंबर तक जारी रहेगी और समूह के अध्यक्ष के रूप में उसके कार्यकाल में ढाई महीने से ज्यादा का वक्त बाकी है। प्रधानमंत्री ने कहा, ''पिछले दो दिन में आपने अपने विचार रखे, सुझाव दिए और कई प्रस्ताव रखे गए। यह हमारी जिम्मेदारी है कि जो सुझाव सामने आए हैं, उन पर बारीकी से गौर किया जाए कि उन्हे कैसे गति दी जा सकती है। उन्होंने कहा, ''मेरा प्रस्ताव है कि हमें नवंबर अंत मे जी20 के वर्चुअल सत्र का आयोजन करना चाहिए। उस सत्र मे, हम उन मुद्दों की समीक्षा कर सकते हैं, जिन पर इस शिखर सम्मेलन के दौरान सहमति बनी थी। हमारे दल इसका विवरण सभी के साथ साझा करेंगे। मैं उम्मीद करता हूं कि आप सभी इसमें (सत्र में) शामिल होंगे। पीएम मोदी ने संयुक्त राष्ट्र सहित अन्य वैश्विक निकायों में सुधारों पर नए सिरे से जौर देते हुए कहा कि विश्व निकाय के सदस्य देशों में वृद्धि के बावजूद संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) में स्थायी सदस्यों की संख्या नहीं बढी है। जी20 शिखर सम्मेलन के ''एक भविष्य सत्र को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दुनिया की 'नई वास्तविकताओं को 'नई वैश्विक संरचना में प्रतिबिंबित किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 51 सदस्यों के साथ हुई थी, तो दुनिया अलग थी। पीएम मोदी ने कहा कि अब सदस्य देशो की संख्या लगभग 200 हो गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह प्रकृति का नियम है कि जो समय के साथ नहीं बदलते, वे अपनी प्रासंगिकता खो देते हैं। मोदी ने कहा कि क्रिप्टोकरेंसी सामाजिक व्यवस्था और मौद्रिक एवं वित्तीय स्थिरता के लिए एक नया विषय है।

## महापौर ने भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत को दी श्रद्धांजलि

लखनऊ(संवाददाता)। उत्तर प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री और भारत रत्न पंडित गोविंद बल्लभ पंत की आज जयंती है। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल ने लोकभवन स्थित उनकी प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्हें याद करते हुए महापौर ने कहा कि आज हमारे प्रदेश के पहले मुख्यमंत्री पंडित गोविंद बल्लभ पंत की 136वीं जयंती है। इस अवसर पर पंडित जी को मेरी श्रद्धांजलि अर्पित है। देश को आजाद, शिक्षित व संस्कारित बनाने के लिए उन्होंने अपना पूरा जीवन खपा दिया, हम सब सदैव उनके ऋणी रहेंगे।

